भव्य होगा प्रदेश में पहली बार आयोजित होने वाला अंतरराष्ट्रीय कृषि मेला

नवंबर में लखनऊ में होगा आयोजन, वैश्विक निवेशक सम्मेलन जैसी होगी भव्यता

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय स्तर के कृषि उत्पाद और तकनीक मेले की मेजबानी पहली बार उत्तर प्रदेश करेगा। प्रदेश की बढ़ती विकास की रफ्तार को देखते हुए ये मेजबानी प्रदेश को हासिल हुई है। 15 से 18 नवंबर को लखनऊ में होने वाले इस चार दिवसीय मेले में 10 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि और कंपनियां शिरकत करेंगी।

इस मेले में कृषि में तकनीकी क्रांति का नया रूप देखने को मिलेगा। देश-विदेश और प्रदेश से कम से कम चार लाख लोगों के इसमें पहुंचने की संभावना है। आयोजन की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार के साथ उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) को सौंपी गई है।

मंगलवार को सीआईआई ने वैश्विक निवेशक सम्मेलन स्तर के इस कृषि और खाद्य प्रौद्योगिकी मेले,

सीआईआई ने मंगलवार को कृषि और खाद्य प्रौद्योगिकी मेले, सीआईआई एग्रोटेक इंडिया के 16वें संस्करण का एलान किया। - संवाद

सीआईआई एग्रोटेक इंडिया अब बना सीआईआई कृषि भारत

सीआईआई एग्रोटेक इंडिया के 16वें संस्करण का ऐलान किया। इससे पहले ये मेला चंडीगढ़ में आयोजित होता था। यूपी के विशालकाय कृषि क्षेत्र, तकनीकी विकास, स्टार्टअप्स और कृषि क्षेत्र में आठ लाख करोड़ के निवेश को देखते हुए यूपी पर ध्यान केंद्रित किया है।

सीआईआई उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष माधव सिंघानिया ने कहा कि कृषि में तकनीक के समावेश, किसानों को अपग्रेड करने और उनकी आय बढ़ाने में ये मेला मील का पत्थर साबित होगा। सीआईआई कृषि भारत के अध्यक्ष तरुण साहनी ने कहा कृषि भारत के जरिये भारत की कृषि शक्ति को दुनिया देखेगी। सीआईआई यूपी की चेयरपर्सन स्मिता अग्रवाल ने बताया कि प्रदर्शनी डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 20 हजार वर्गमीटर में फैली होगी। इसमें 250 प्रदर्शक शामिल होंगे। 6000 से ज्यादा व्यवसायी आएंगे। मेले में 10 से अधिक राज्यों के तीन लाख किसानों के आने की उम्मीद है।